हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 2 नवंबर 2025

04 शासन के निर्देशानुसार अभी मौजूदा स्टाफ से...

07 सांसद खेल महोत्सव में सोहागपुर क्षेत्र में सम्मिलित...




## खबर संक्षेप

### रोगी कल्याण समिति की बैठक 12 नवंबर को

**नर्मदापुरम।** कल्याण (कार्यकारिणी) समिति जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम की बैठक कलेक्टर नर्मदापुरम सोनिया मीना की अध्यक्षा में 12 नवम्बर मंगलवार को सायं 3:30 बजे से कलेक्टर कार्यलय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गये है।

### पुरानी खेड़ापति पर भंडारे का आयोजन कल

**पिपरिया।** जनपद पंचायत क्षेत्र की नदी के उस पार पुराने खेड़ापति मंदिर में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। उमाशंकर देसाई ने बताया कि लगातार 28 साल से प्रत्येक चतुर्दशी कारतीक मास को किया जाता है।तो इस, वर्ष भी किया गया है। सभी लोगों से अपील की है की परिवार सहित शामिल हो और प्रसादी ग्रहण करें।

### तेंदूए की फिर हुई आमद विभाग अलर्ट

**नर्मदापुरम।** इटारसी के पथरोटा गांव में लगभग एक महीने बाद फिर तेंदुआ देखा गया है। शुक्रवार की रात करीब 8:30 बजे शिव शक्ति चौराहा निवासी अनीता श्याम गालर ने अपने घर के आंगन में एक बिल्ली पर झपटते हुए तेंदुए को देखा। इस घटना से ग्रामीणों में दहशत फैल गई है। वहीं तेंदुए के पंजों के निशान भी मिले। विभाग की टीम मौके पर आज पहुंचेगी।

### भगवान विष्णु ने योग निंद्रा से उठकर संभाला सृष्टि के पालन का भार

# बेर, भाजी, आंवरे, उठो देव सांवरे, नर्मदांचल में मनाई गई देवउठनी एकादशी, हुआ पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

चतुर्मास योग निंद्रा के बाद जागृत अवस्था में भगवान विष्णु के आने के बाद समूचे नर्मदांचल में देव उठनी एकादशी का पर्व बड़े उत्साह और श्रृद्धा के साथ मनाया गया। अल सुबह से ही श्रृद्धालुओं ने पतित पावनी मां नर्मदा के पुण्य जल से स्नान कर भगवान विष्णु की आराधना की। वहीं श्रृद्धालुओं गन्ने के मंडप में माता तुलसी और भगवान विष्णु के विवाह को वैदिक परंपरा अनुसार मनाया। इस अवसर पर समस्त देवालयों के अलावा श्रृद्धालुओं ने आस्था के साथ भगवान विष्णु और माता तुलती का विवाह संपन्न किया। इसके पश्चात देवउठनी ग्यारस और माता तुलसी के विवाह के पावन अवसर पर श्रृद्धालुओं ने जमकर आतिशबाजी कर उत्साह के साथ धार्मिक पर्व का आनंद लिया। इतना ही नहीं आकर्षक विद्युत साज सज्जा और अपने घरों में दीपमाला लगाकर साज सज्जा की गई। साथ ही समस्त श्रृद्धालुओ ने भगवान विष्णु से सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर जिला प्रशासन के पुख्ता इंतजाम रहे।

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी देवउठनी ग्यारस का त्यौहार जिले भर में धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान लोगों ने अपने घरों में भगवान विष्णु की पूजन अर्चना की।



**विशेष...**

### जमकर हुई खरीदी

देव उठनी ग्यारस पर नर्मदांचल में गन्ने सहित पारंपरिक वस्तुओं की जमकर खरीदी की गई। इस दौरान बाजार में गन्ने के भाव 30 से 50 रूपये तक देखे गये। वहीं फल और सब्जीयों की भी जमकर बिक्री हुई। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार आज से सभी सब्जीयों को खाना प्रारंभ हो जाएगा जो चतुर्मास में निषेध मानी गई थी। शनिवार को बाजार में रौनक रही।

### विवाह कार्यक्रम शुरू

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार देवउठनी ग्यारस से विवाह सहित सभी मांगलिक कार्यक्रम शुरू होंगे। हालाकि पंडितों के अनुसार इस वर्ष देवउठनी ग्यारस पर विवाह मुहुर्त नहीं था। लेकिन विवाह कार्यक्रम आज के बाद आने वाले मुहुर्त में किये जा सकेंगे। चार माह के विराम के बाद अब शहर में अब जगह-जगह शादियों की गूंज सुनाई दे जाएगी।

### नर्मदा तट पर हुआ दीपदान, रंगोली से सजा नर्मदा घाट

देव प्रबोधिनी एकादशी और मप्र स्थापना दिवस के अवसर पर नर्मदापुरम में शनिवार को दीपोत्सव मनाया गया। श्री राम पथ गमन न्यास संस्कृति विभाग मध्य प्रदेश शासन जिला प्रशासन के सहयोग से श्री राम पथ गमन के पवित्र 9 स्थानों पर पवित्र नदियों के घाटों पर 3 लाख 51 हजार 111 दीपों से रोशन किये गये। नर्मदापुरम का प्राचीन सेठानी घाट 51 हजार दीपक को रोशनी से जगमगाएगा। दोपहर में 50 फीट लम्बी भगवान राम की आकृति रंगोली से बनाई गई। दीपों से मप्र स्थापना दिवस का नाम भी लिखा गया। श्री रामचंद्र, माता सीता, मां नर्मदा, मां मंदाकिनी नदी की दीप आराधना की जाएगी। दीप प्रज्जवलन के साथ ही भक्ति संगीत संध्या का आयोजन भी हुआ। भक्ति संगीत संध्या में प्रदेश में ख्याति कलाकार प्रस्तुति दी। न्यास द्वारा यह आयोजन श्री राम पथ गमन के चिह्नांकित जिलों में किया जा रहा है। दीपोत्सव के अवसर पर 07 बटुकों से पवित्र नदियों व सरोवरों के घाटों के तट पर आरती एवं मंत्रोचार को कार्यक्रम स्थल पर दीप प्रज्जलित, दीपदान किया गया।



# एसटीआर में हो रहे टाइगर के दीदार, पर्यटक हुए रोमांचित

### करीब 1 घंटे तक सड़क पर बैठा रहा टाइगर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचमढ़ी

पचमढ़ी के सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में पर्यटकों को एक दुर्लभ नजारा देखने को मिला, जब एक टाइगर ने नीमघान जंगल में करीब एक घंटे तक उनका रास्ता रोके रखा। यह घटना शनिवार को हुई, जिसमें सात जिप्सियों में सवार दर्जनों पर्यटक शामिल थे।

जिप्सी चालक हिमांशु जाटव ने बताया कि नीमघान जंगल में प्रवेश के कुछ किलोमीटर बाद ही कच्ची सड़क पर टाइगर बैठा हुआ दिखाई दिया। टाइगर कभी जम्हाई ले रहा था तो कभी जिप्सियों की ओर देख रहा था। एक पर्यटक मनीष के अनुसार, टाइगर ने लगभग एक घंटे तक सड़क अवरुद्ध रखी। वह कुछ देर के लिए सड़क से हटता और फिर वापस आ जाता, जिसके कारण जिप्सियों को काफी दूर तक पीछे हटना पड़ा। आमतौर पर जंगल में टाइगर कुछ सेकेंड या मिनटों के लिए ही दिखाई देता है। सड़क पर इतने लंबे समय तक टाइगर को देखना पर्यटकों के लिए एक यादगार अनुभव रहा। अन्य जिप्सी चालकों फरहान और अय्या ने भी इस घटना की पुष्टि की है।

### नर्मदा कॉलेज की प्राध्यापक चौबे हुईं सेवानिवृत




**नर्मदापुरम।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुरम में गणित विषय की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ कमल चौबे सेवानिवृत्त हो गईं। इस अवसर पर कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ एल एल शर्मा, डॉ डीसी गर्ग, डॉ एल एल दुबे, डॉ ओ एन चौबे और वर्तमान प्राचार्य डॉ आर के चौकसे तथा मुख्य अतिथि दर्शन सिंह चौधरी सांसद नर्मदा पुरम तथा विशिष्ट अतिथि डॉ सीताशरण शर्मा, विधायक नर्मदा पुरम, गिरजा शंकर शर्मा भवानी शंकर शर्मा पीयूष शर्मा और अरुण शर्मा सम्मिलित हुए।

# पचमढ़ी महादेव मंदिर पर श्रद्धालुओं से अवैध वसूली, पर्यटक ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचमढ़ी

सतपुड़ा की रानी पचमढ़ी के प्रसिद्ध महादेव मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं से जूता-चप्पल स्टैंड के नाम पर अवैध वसूली किए जाने का मामला एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। महादेव मेला समिति द्वारा जारी ठेके के अनुसार, ठेकेदार को प्रति जोड़ी 2 रुपए वसूलने की अनुमति है। लेकिन स्थल पर लोगों द्वारा श्रद्धालुओं से 5 से 10 प्रति जोड़ी, जबकि समूहों से 100 तक की रकम वसूलने



की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। भोपाल निवासी पर्यटक शसोम्य चिगारिया के साथ स्वयं यह घटना घटी। उन्होंने बताया कि जूता-चप्पल स्टैंड पर उनसे निर्धारित दर से अधिक शुल्क मांगा गया। इतना ही नहीं, उनके सामने अन्य पर्यटकों से भी मनमानी वसूली की जा रही थी। चिगारिया ने बताया कि परिसर में कोई दर सूची या शुल्क रसीद का बोर्ड प्रदर्शित नहीं था, जिससे श्रद्धालु वास्तविक दर से अनजान रहते हैं। विरोध करने पर कर्मचारियों का व्यवहार भी अभद्र और असहयोगपूर्ण बताया गया है।

इस घटना की जानकारी के बाद चिगारिया ने महादेव मेला समिति कार्यालय के प्रभारी बाबू मनोज राजपूत को अपनी शिकायत व्हाट्सएप के माध्यम से भेजी है। उन्होंने बताया कि कार्यालय बंद होने के कारण वे सीधे आवेदन नहीं दे सके, इसलिए शिकायत डिजिटल माध्यम से दर्ज कराई गई।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इस प्रकार की शिकायतें पूर्व में भी समिति तक पहुंची हैं, लेकिन अभी तक किसी ठेकेदार या कर्मचारी पर ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। अब देखना यह होगा कि भोपाल के पर्यटक की इस स्पष्ट शिकायत पर मेला समिति और प्रशासन क्या कदम उठाते हैं।

### समेरिटंस स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया परचम




**नर्मदापुरम।** समेरिटंस स्कूल माखननगर के विद्यार्थियों ने जबलपुर में 29 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक आयोजित 69 राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता में शामिल होकर 13 पदक अर्जित किए। अंडर 14 वर्ग के स्पीड रिले (बालक) में ऋषभ यादव, आस्तिक, आयुष्मान, हर्ष ने रजत पदक, स्पीड रिले एवं डबल डोच (बालिका) में भाव्या यादव, सृष्टि गुरु, वैष्णवी मालवीय, अलिशभा खान ने कांस्य पदक एवं अंडर 19 स्पीड स्प्रिंट 30 सेंकेड वर्ग में वंशिका चौहान ने कांस्य पदक शाला की खेल शिक्षक जया मालवीय मैडम के मार्गदर्शन में अर्जित किये। विद्यार्थियों की इस शानदार प्रदर्शन पर शाला के डायरेक्टर डॉ. आशुतोष कुमार शर्मा, प्राचार्य जागृति सिंह, एवं संपूर्ण शाला परिवार के सदस्यों ने शुभकामनाएं दी।

# कन्या दान योजना के अंतर्गत नर्मदापुरम में हुआ निकाह सम्मेलन, 77 जोड़ों ने कहा कुबूल है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचमढ़ी

स्थानीय श्री कुंज गार्डन मे शनिवार को अंजुमन मुफ़दिुल इस्लाम कमेटी और ताजमुस्लिम वेलफेयर नौजवान कमेटी एवं आयोजक नपा द्वारा मुख्यमंत्री कन्यादान (निकाह) योजना के तहत निशुल्क इज्तिमाई निकाह सम्मेलन आयोजित हुआ जिसमे 77 वर और वधु का निकाह सम्पन्न हुआ। जिसमे नर्मदापुरम समेत आसपास के जिलों के जोड़ो ने भी इस सम्मेलन मे शिरकत की जिसमे हमारे क्षेत्र के अतिथियों एवं गणमान्य नागरिकों ने सभी वर और वधु को अपना आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेन्द्र



यादव , पं. गिरजाशंकर शर्मा ने अपने उदबोधन मे समिति को बधाई देते हुए लगातार पंद्रह साल से हो रहे इस आयोजन हेतु शुभकामनाएं दी और कहा समाज मे ऐसे आयोजन हमारे समाज के लिए प्रेरणादाई है और जहाँ आधुनिक युग के आडंबरों से परे सामूहिक तौर पर इस तरह के आयोजन और विवाह समाज को बराबरी और एकता का संदेश देते है और ये जागरूकता के प्रति एक अच्छा कदम है इस तरह के आयोजन मे समाज के लोग बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। कार्यक्रम मे वरिष्ठ समाजसेवी राकेश फौजदार, महेन्द्र यादव, वाहिद सेठ, डा मुबीन खान, शाहीन अली, चन्द्रगोपाल मलैया , मंडल अध्यक्ष रुपेश राजपूत, गुलाम मुस्तफ़ा, हबीब खान, शाकिर खान, धर्मेंद्र तिवारी आदि मौजूद रहे।

### एसआईआर के कार्य के लिए बीएलओ घर-घर जाकर करेंगे संपर्क

**माखन नगर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत बीएलओ द्वारा 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक घर-घर जाकर मतदाताओं के सत्यापन का कार्य करेंगे एवं गणना पत्रक में आवश्यक जानकारी प्राप्त करेंगे शत प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग का कार्य संपन्न करेंगे इस दौरान उनके द्वारा अनुपस्थित शिफ्टेड अमृत एवं दोहरी प्रविष्टि के मतदाताओं को चिन्हित कर उनकी मैपिंग का कार्य संपन्न किया जाना है। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देशित है 4 नवंबर तक सभी मतदाताओं को बीएलओ एप के माध्यम से मैपिंग हेतु बीएलओ का सुपरवाइजर का आवश्यक प्रशिक्षण शास कालेज में दो पालियों में प्रातः 10:00 बजे से एवं दोपहर 2:00 बजे से 127 मतदान केंद्र के बीएलओ को मास्टर ट्रेनर व भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

# पचमढ़ी में कांग्रेस का महामंथन, तैयारियां हुई पूरी

### आज से 72 जिलों के कांग्रेस जिलाध्यक्षों की होगी आमद, राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी करेंगे शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचमढ़ी

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित होने वाले जिलाध्यक्षों के विशेष प्रशिक्षण शिविर को लेकर पर्यटन नगरी पचमढ़ी पूरी तरह तैयार है। संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और आगामी राजनीतिक रणनीति तय करने के के लिए कांग्रेस कायह शिविर 2 नवंबर से शुरू हो रहा है।

#### विशेष इंतजाम हुए

जानकारी के अनुसार शिविर होटल हाइलैंड में आयोजित किया जाएगा, जहां आवास, सुरक्षा और सत्रों की सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। आयोजन को लेकर प्रदेश कांग्रेस



नेतृत्व ने विशेष तैयारी की है ताकि किसी भी स्तर पर कोई कमी न रहे। स्थानीय प्रशासन के सहयोग से सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद कर दी गई है।

#### 72 जिलाध्यक्ष होंगे शामिल

शिविर में राज्यभर के 72 से अधिक संगठनात्मक जिलाध्यक्ष शामिल होंगे, जिन्हें कांग्रेस ने बीते महीनों पहले नियुक्त किया था। शिविर का मुख्य उद्देश्य उन्हें संगठन की नीतियों, राजनीतिक दिशा और भविष्य की रणनीति से अवगत कराना है ताकि पार्टी को जमीनी स्तर पर और सशक्त बनाया जा सके। बताया जा रहा है कि जिलाध्यक्षों का पचमढ़ी आगमन कल सुबह से शुरू होगा, जबकि कुछ नेता शनिवार की शाम तक ही पहुंच चुके हैं। शिविर के दौरान वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में कई प्रशिक्षण सत्र, समूह चर्चा और रणनीतिक संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

#### आएंगे राहुल और खड़गे!

कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि इस शिविर को महामंथन का रूप दिया गया है, जहां संगठनात्मक मजबूती से लेकर जनसंपर्क अभियान, चुनावी तैयारी और नेतृत्व विकास जैसे विषयों पर गहन चर्चा होगी। शिविर के उद्घाटन सत्र में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्रियों के भी शामिल होने की संभावना है। इसके अलावा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे और लोकसभा नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी भी शामिल हो सकते हैं।

### राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने किया ध्वजारोहण, स्कूली बच्चों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

# उमंग व उत्साह के साथ मनाया मध्यप्रदेश का स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

मध्यप्रदेश के 70वें स्थापना दिवस को जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय स्थित पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त धुमन्तु और अर्धघुमन्तु कल्याण विभाग कृष्णा गौर ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रगान और मध्य प्रदेश गान के गायन के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिसने सभी का मन मोह लिया। ध्वजारोहण के उपरांत सेमेरिटन सीनियर सेकेंडरी स्कूल नर्मदापुरम के छात्र छात्राओं द्वारा राष्ट्रगान का गायन किया गया।

#### सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बिखेरा रंग

कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी नर्मदापुरम ज्योति प्रहलदी के निर्देशन में स्कूली बच्चों ने



सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। जिसमें गर्ल्स स्कूल नर्मदापुरम की छात्राओं द्वारा मेरा मध्य प्रदेश मेरा मध्यप्रदेश इसकी नादियों में खन खन इसके झरनों में झन झन देश का हृदय प्रदेश गीत पर मनमोहक प्रस्तुति दी जिसे सबने खूब सराहा। इसी प्रकार शासकीय एसएनजी स्कूल नर्मदापुरम के विद्यार्थियों के दल ने शुभ स्वागतम् आयो रे आज मंगल अवसर गीत पर अपनी उम्दा प्रस्तुति के माध्यम से मध्य प्रदेश के स्वर्णिम इतिहास का बखान



किया। कार्यक्रम में शान्तिनिकेतन विद्यालय के छात्र छात्राओं ने आज दिन सोने का महाराज गीत पर संस्कृतिक प्रस्तुति से मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के गरिमामई क्षण को जीवंत किया। सेंट पॉल नर्मदापुरम विद्यालय के विद्यार्थी दल द्वारा गौरव शाली मध्यप्रदेश- कान्हा बांधवगढ़ में बाघों की दहाड़ यहाँ ऐसा मध्यप्रदेश है गीत पर प्रस्तुति देकर हृदय प्रदेश की यात्रा पर ले गए जिसे उपस्थित मुख्य अतिथि एवं अन्य अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों ने ताली बजाकर स्वागत किया। इसी प्रकार एकलव्य कन्या परिसर पवारखेड़ा के विद्यार्थियों द्वारा मध्य प्रदेश की संस्कृति का परिचय कराते हुए मनोरम गीत पर अद्भुत प्रतुति दे कर मध्य प्रदेश के गौरवशाली इतिहास, विविध संस्कृतियों एवं एकरूपता से सभी का परिचय करवाया जिसे उपस्थित सभी गणमान्य नागरिकों ने ताली बजाकर बच्चो का अभिवादन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के पश्चात सेमेरिटन सीनियर सेकेंडरी स्कूल नर्मदापुरम के छात्र छात्राओं द्वारा मध्यप्रदेश गान का गायन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डीपीसी राजेश जायसवाल एवं आरती शर्मा ने किया।

मध्यप्रदेश स्थापना दिवस की जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान राज्य मंत्री कृष्णा गौर ने कहा कि मध्य प्रदेश हमारा मान सम्मान और स्वाभिमान है हम गर्व के साथ कहते हैं कि आज मध्य प्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो चुका है और देश की अर्थव्यवस्था में बहुत बड़ा योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से मध्य प्रदेश का अपना एक गौरवशाली इतिहास रहा है और आज हम वैभवशाली वर्तमान भी देख रहे है। हम सब प्रदेश के उज्जवल और समृद्धशाली भविष्य के लिए संकल्प लेते हैं कि मध्य प्रदेश को आगे बढ़ाने में एक आदर्श नागरिक होने के नाते हम अपनी भूमिका का निर्वहन करेंगे।

#### ये रहे उपस्थित

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं नर्मदापुरम विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा,सांसद दर्शन सिंह चौधरी, सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह, नगरपालिका अध्यक्ष नीतू यादव, कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी, आईजी मिथिलेश कुमार शुक्ला, डीआईजी प्रशांत खरे, कलेक्टर सुसोनिया मीना, एसपी सई कृष्णा एस थोटा, सीईओ जिला पंचायत हिमांशु जैन, डीएफओ मयंक गुर्जर, जनप्रतिनिधि प्रीति शुक्ला, महेंद्र यादव, मनोहर बड़ानी, रूपेश राजपूत, अपर कलेक्टर राजीव रंजन पांडे, अपर कलेक्टर अनिल जैन सहित अधिकारी मौजूद रहे।

### बाल विवाह रोकने उड़नदस्ता तैयार

**नर्मदापुरम।** देवउठनी एकादशी शनिवार को मनाई जाएगी। इस दिन शाम को देवताओं की पूजन के साथ ही विवाह और अन्य मांगलिक कार्य शुरू हो जाएंगे। देवउठनी एकादशी पर होने वाले संभावित बाल विवाहों को रोकने के लिए जिला प्रशासन सक्रिय हो गया है। जिला और ब्लॉक स्तर पर उड़नदस्ता दलों का गठन किया गया है, जो विवाह स्थलों का निरीक्षण करेंगे। बाल विवाह करते पकड़े जाने या उसमें दोषी पाए जाने पर एक लाख रुपए जुर्माना या दो साल की जेल हो सकती है। जिला परियोजना अधिकारी ललित डेहरिया ने बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के तहत 21 वर्ष से कम आयु के लड़के और 18 वर्ष से कम आयु की लड़की का विवाह कानूनी अपराध है। इस अधिनियम के अनुसार, बाल विवाह में शामिल माता-पिता, अविभाक आदि व्यक्ति दोषी माने जाते हैं।

## खबर संक्षेप

### दो मंदिरों में चोरी, दान पेटियां तोड़कर नकदी ले गए चोर, प्रकरण दर्ज

**बैतूल।** शनिवार रात दो मंदिरों में चोरी की वारदात सामने आई है। चोरों ने विनोबा नगर स्थित श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर और गंज के मेकेनिक चौक के पास स्थित माता मंदिर में घुसकर दान पेटियों को तोड़ा और हजारों रुपए की नकदी ले गए। इन घटनाओं के बाद श्रद्धालुओं में आक्रोश है। जैन मंदिर समिति अध्यक्ष ने बताया कि देर रात चोर मंदिर के दरवाजों के हैंडल तोड़कर अंदर घुसे और दान पेटी उठा ले गए। रविवार सुबह समिति सदस्य पहुंचे तो दान पेटी मंदिर की ऊपरी मंजिल पर टूटी हालत में मिली और नकदी गायब थी। उनके मुताबिक पेटी में हजारों रुपए का दान था, जिसे चोर ले भागे। इसी रात गंज क्षेत्र के माता मंदिर को भी चोरों ने निशाना बनाया। समिति सदस्य प्रवीण बिहारे ने बताया कि चोरों ने मंदिर की तिजोरी को तोड़कर उसमें रखी नकदी पर हाथ साफ कर दिया। देर रात हुई लगातार दो चोरी की वारदातों से भक्तों में नाराजगी बढ़ी है। घटना की सूचना मिलते ही गंज थाना प्रभारी शिफा हाशमी मौके पर पहुंचीं। उन्होंने बताया कि दोनों स्थानों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, हालांकि अभी किसी तरह का सुराग हाथ नहीं लगा है। चोरी गई राशि का आंकलन किया जा रहा है। पुलिस का मानना है कि शुरुआती जांच में दोनों वारदातें एक ही गिरोह द्वारा किए जाने की आशंका है।

### बैतूल में 23 नवंबर को जिला स्तरीय दिवाली गोठान आयोजन

**बैतूल।** सर्व आदिवासी समाज की बैठक पड़ाव ठाना रेन बसेरा सदर में सम्पन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता आरती परते धुर्वे (गोंडी गायिका) द्वारा की गई। बैतूल में बताया कि बैतूल जिला मुख्यालय में जिला स्तरीय दिवाली गोठान कार्यक्रम 23 नवंबर दिन रविवार को रानी दुर्गावती ऑडिटोरियम बैतूल में आयोजित किया जाएगा।

### अस्पताल में जल्द शुरू होगी क्रिटिकल यूनिट, मरीजों को मिलेगा लाभ

# शासन के निर्देशानुसार अभी मौजूदा स्टाफ से ही चलाना होगा पूरा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिला अस्पताल में करोड़ों रुपए की लागत से बना 50 बेड का क्रिटिकल केयर यूनिट (सीसीयू) भवन अब जल्द ही शुरू होगा। ट्रांसफार्मर, इलेक्ट्रिफिकेशन सहित अन्य काम पूरा होने के बाद अस्पताल प्रबंधन ने भवन को हैंडओवर ले लिया है। अभी कुछ उपकरण आये है और कुछ उपकरण आने शेष है, जैसे ही यह उपकरण पहुंच जायेंगे, क्रिटिकल यूनिट का नियमित संचालन शुरू कर दिया जायेगा। फिलहाल शासन ने मौजूद स्टॉफ से ही क्रिटिकल यूनिट के संचालन के निर्देश दिये है। बता दे कि जिला अस्पताल में गंभीर मरीजों के उपचार के लिए 19 करोड़ से क्रिटिकल केयर यूनिट भवन का निर्माण किया गया है। इस भवन में मरीजों के लिए हर संभव इमरजेंसी सुविधाएं मौजूद रहेगी। वैसे भी, कई बार जिला अस्पताल में आने वाले मरीजों को आईसीयू की जरूरत पड़ सकती है। ऐसे में क्रिटिकल केयर यूनिट की जरूरत बहुत ज्यादा है और क्रिटिकल यूनिट का ऐसे मरीजों को लाभ भी मिलेगा। फिलहाल अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि सभी प्रकार के उपकरण आने के बाद क्रिटिकल यूनिट का नियमित संचालन शुरू कर दिया जायेगा।

### दो साल पहले शुरू हुआ था निर्माण कार्य

जिला अस्पताल में क्रिटिकल केयर यूनिट का काम दो साल पहले शुरू किया था। जिसके लिए 75 लाख से बनी पार्किंग को तोड़ा गया। इसके अलावा 2 करोड़ रूपये के बैलून अस्पताल को भी खोलकर रखना पड़ा। वहीं जिला अस्पताल में जो ब्रेंचे लगाई थीं, वे सभी इस भवन के बनने के दौरान हटाना पड़ा। पुराने जिला अस्पताल के चार मंजिला भवन से इस क्रिटिकल केयर यूनिट के भवन को जोडऩे के लिए ब्रिज बनाया है। इसके लिए पुराने भवन में तोडफोड की गई। लेकिन अब सीसीयू



#### इनका कहना है

*क्रिटिकल केयर यूनिट भवन को हैंडओवर ले लिया है। कुछ मशीने आई है और कुछ उपकरण आने के शेष है। शासन ने मौजूदा स्टॉफ से ही सीसीयू के संचालन के निर्देश दिये है। फिलहाल सीसीयू के संचालन को लेकर योजना बना रहे है। बैठक के बाद रणनीति तय करेगे कि स्टॉफ की ड्यूटी कैसे-कैसे लगाना है।*

*- डॉ. जगदीश घोरे, सिविल सर्जन, जिला अस्पताल बैतूल*

#### स्टाफ की खलेगी कमी

अस्पताल भवन तो अच्छे बनकर तैयार गये है, लेकिन स्टॉफ की कमी दूर नहीं हुई है। क्रिटिकल यूनिट के संचालन में भी बड़ी संख्या में स्टॉफ की जरूरत पडेगी, लेकिन शासन ने फिलहाल मौजूदा स्टॉफ से ही क्रिटिकल केयर यूनिट के संचालन के निर्देश दिये है। जिससे अस्पताल में कार्यरत डॉक्टरों और कर्मचारियों पर काम का बोझ बढ़ जायेगा। जानकारों का कहना है कि जिला अस्पताल में वैसे ही स्टॉफ की कमी है, ऊपर से क्रिटिकल केयर यूनिट शुरू होने के बाद स्टॉफ की कमी खलेगी। नतीजा यह हो सकता है कि अस्पताल की व्यवस्था बिगड़ सकती है। जानकार बताते है कि हाल ही में 150 बिस्तरीय महिला एवं शिशु चिकित्सा ईकाई की शुरूआत हुई है, जिसमें भी स्टॉफ की कमी खल रही है। पर्याप्त स्टॉफ नहीं होने से अस्पताल प्रबंधन के लिए व्यवस्था बनाना बहुत मुश्किल हो जाता है।

### काम के लिए वैष्णवदेवी गया था आदिवासी परिवार

## एक वर्ष के मासूम की ट्रेन में मौत भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत ने दी मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

रेलवे स्टेशन बैतूल से एक साल के बच्चे के शव को बोरदेही पहुंचाने के लिए आज एक बार फिर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खण्डेलवाल मददगार बने। वर्षों पहले एक आदिवासी की पीड़ा से द्रवित होकर ही बैतूल में शव वाहन की शुरूआत श्री खण्डेलवाल ने की थी। अब तक उनके द्वारा संचालित शव वाहन से हजारों शवों का परिवहन किया जा चुका है।

जानकारी के अनुसार मासूम बच्चे के माता-पिता कटरा से बोरदेही के लिए 31 अक्टूबर को निकले थे, लेकिन बीच रास्ते में बच्चे की तबियत खराब होने पर उन्होंने भोपाल में रुककर अपने बच्चें को रात करीब 1 बजे इंदिरा गांधी महिला एवं बाल्य चिकित्सालय ले गए। डॉक्टर ने यहां बच्चे को मृत घोषित कर दिया। बच्चे का शव लेकर माता-पिता जयपुर एक्सप्रेस से बैतूल आ गए। समाजसेवी, आरपीएफ-जीआरपी, स्टेशन प्रबंधक एवं बैतूल सांस्कृतिक सेवा समिति के साझा प्रयास एवं विधायक हेमंत खण्डेलवाल की मदद से बच्चे के माता-पिता को मदद मिली और अपने मासूम बच्चे के शव को शववाहन से लेकर दोनों बोरदेही क्षेत्र के ग्राम हरन्या पहुंचे।

रेलवे स्टेशन बैतूल के प्लेटफार्म नंबर एक पर आरपीएफ प्रधान आरक्षक फरहा खान और पूजा जागरुकता कार्यक्रम चला रहा थी, इसी बीच जयपुर एक्सप्रेस से उतरकर हरन्या (बोरदेही)निवासी यात्री मनराज उइके दोनों के पास आया और हाथ में माईक थामे अनाउंसमेंट कर रही खाकी वर्दी पहने फरहा के कानों में कहा कि उसे मदद चाहिए। कैसी मदद पूछने पर मनराज ने कहा कि उसके एक साल के बच्चे की मौत हो गई है और घर तक पहुंचने के लिए उसके पास पैसे नहीं है। फरहा ने आरपीएफ इंस्पेक्टर राजेश बनकर, स्टेशन मास्टर वीके वरकड़े, प्रधान आरक्षक संतोष पटेल को इस संबंध में सूचना दी और यहीं से यात्री की मदद की कवायद शुरु हुई। आरपीएफ एवं स्टेशन मास्टर ने बैतूल सांस्कृतिक समिति से मदद मांगी।

## सरकारी कॉलेज में मनाया गया मध्यप्रदेश का स्थापना दिवस




**सारनी।** मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर शनिवार को वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सरदार विष्णु सिंह उइके शासकीय महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जन भागीदारी समिति अध्यक्ष कमलेश सिंह ने कहा कि आज का दिन हम सभी प्रदेश वासियों के लिए गर्व और उत्साह का दिन है। हम सब भाग्यशाली है, क्योंकि हम उस प्रदेश के वासी हैं जो देश का दिल है। श्री सिंह ने कहा कि प्राकृतिक सुंदरता, गौरव शाली इतिहास और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत हमारी पहचान है। प्रदेश की गौरवशाली विरासत को संजो कर रखना हम सबका कर्तव्य है। पार्षद दशरथ सिंह जाट ने कहा कि आज हम सभी के प्रयास से मध्यप्रदेश भारत का सबसे तेज गति से विकास करने वाला राज्य बन गया है। विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य प्रदीप पंद्राम ने कहा मध्यप्रदेश का अतीत गौरवशाली है, ऐसे राज्य का नागरिक होने पर हमें गर्व है। सभी विद्यार्थी यह संकल्प लें कि हम अपने मध्यप्रदेश को स्वर्णिम प्रदेश बनाएंगे।

### युवाओं संग दिया राष्ट्रीय एकता का संदेश

## रन फॉर यूनिटी में विधायक भी दौड़े



**भौंरा।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर भौंरा नगर में आयोजित रन फॉर यूनिटी में विधायक गंगा सज्जन सिंह उईके स्वयं शामिल हुई और विद्यार्थियों, पुलिसकर्मियों एवं नागरिकों के साथ दौड़ लगाई। कार्यक्रम में एकता, अखंडता और राष्ट्रभक्ति का उत्साह पूरे नगर में दिखाई दिया। यह दौड़ भौंरा पुलिस चौकी से प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग से होते हुए मां बिजासन मंदिर परिसर तक निकाली गई। समापन स्थल पर सरदार पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके जीवन और योगदान पर चर्चा की गई। शा बालक एवं बालिका उमावि भौंरा के सैकड़ों छात्र-छात्राएं शामिल हुए। वहीं, पुलिस विभाग, भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय ग्रामीणों ने भी बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। सभा को संबोधित करते हुए विधायक गंगा सज्जन सिंह उईके ने कहा सरदार वल्लभभाई पटेल ने अपने दृढ़ नेतृत्व और संकल्प के बल पर देश की रियासतों को एकजुट किया।

### पीएम सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना

## कलेक्टर ने शून्य प्रगति वाले तीन अधिकारियों का वेतन रोका गया



**बैतूल।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने 31 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समीक्षा बैठक ली। योजना के तहत जिले में 187 इकाइयों की स्थापना की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में उद्यानिकी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और जिला रिसोर्स पर्सन डीआरपी मौजूद रहे। समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने छह माह में प्रगति शून्य रहने पर शाहपुर ग्राउविअ सुश्री अंकिता मिश्रा, भीमपुर ग्राउविअ दरियाव सिंह मर्सकोले और आठनेर ग्राउविअ शंकर कुमार लावस्कर का अक्टूबर माह का वेतन रोकने के निर्देश दिए। साथ ही चेतावनी दी कि 10 दिन के भीतर शत प्रतिशत लक्ष्य पूरा नहीं करने पर छह माह की कार्य प्रगति के आधार पर वेतन वसूली की कार्रवाई की जाएगी। कम प्रगति वाले अन्य अधिकारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश भी दिए।

## आज हवन-पूजन एवं भंडारे के साथ होगा कथा का समापन





**बैतूल।** बैतूलबाजार रोड स्थित रघुवर कुंज मोक्षा रेसिडेंसी में विगत 26 अक्टूबर से श्रीमद भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा था। जिसका समापन आज रविवार 2 नवंबर को हवन-पूजन एवं भंडारा प्रसादी वितरण के साथ किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि कलश यात्रा के साथ शुरू हुई श्रीमद भागवत कथा में प्रतिदिन संतकुंज आश्रम के कथावाचक राधेश्याम जी महाराज द्वारा बड़ी संख्या में उपस्थित हो रहे श्रद्धालुओं को भगवान की विभिन्न लीलाओं के बारे में विस्तार से रोचक अंदाज में प्रस्तुत किया जा रहा है। भागवत कथा के आयोजक परिवार के वरिष्ठजन श्रीमती रूपराज- पं. सतानंद मिश्रा, पं. राजबहादुर शर्मा, एडवोकेट प्रदीप मिश्रा ने बताया कि प्रतिदिन आयोजित की जा रही भागवत कथा में भगवान की पावन लीलाओ और प्रसंग का आकर्षक अंदाज में कथा व्यास श्री संतकुंज आश्रम से पधारे राधेश्याम जी महाराज द्वारा अपनी मधुर वाणी में वर्णन किया जा रहा है।

### छोटी सी तनख्वाह में 24 घंटे काम के बाद भी नहीं मिलता समय पर भुगतान

## आशा एवं सहयोगिनियों को 3 माह से नहीं मिला वेतन

**मुलताई।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत कार्यरत आशा कार्यकर्ता एवं आशा सहयोगिनी स्वास्थ्य कर्मियों को पिछले तीन माह से वेतन नहीं मिला है। इस समस्या को लेकर मध्यप्रदेश आशा/आशा सहयोगिनी श्रमिक संघ के तत्वावधान में कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन खंड चिकित्सा अधिकारी, मुलताई को सौंपा तथा शीघ्र समाधान की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय पर समस्या का निराकरण नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। आशा कार्यकर्ता गुनवा पाटेकर ने बताया कि तीन माह से वेतन नहीं मिला है। हम सभी कार्यकर्ता छोटी-सी तनख्वाह में दिन-रात मेहनत करते हैं और ग्रामीण अंचलों में जरूरतमंदों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराते हैं। सुबह से फील्ड में जाना पड़ता है, पर अब स्थिति यह है कि गाड़ी में पेट्रोल डालने के भी पैसे नहीं हैं। पेट में खाना नहीं होगा तो हम कैसे काम करेंगे? वहीं कंचन गाठे ने बताया कि वेतन न मिलने के कारण बच्चों की फीस तक भरने के पैसे नहीं हैं। उन्होंने कहा कि शासन को यह सोचना चाहिए कि हम खाली पेट रहकर कैसे दौड़-भाग करेंगे।



**अधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी नहीं निकला समाधान :** आशा कार्यकर्ता एवं आशा सहयोगिनियों ने अपने सौंपे गए ज्ञापन में कहा है कि आशा कार्यकर्ताओं और पर्यवेक्षकों का महीनों से वेतन लंबित है तथा पूर्व में किए गए भुगतानों में भी अनुचित कटौती की गई है। इस विषय पर कई बार ब्लॉक एवं जिला स्तर पर अधिकारियों को अवगत कराया गया, किंतु अब तक कोई समाधान नहीं निकला। कार्यकर्ता आंदोलन की राह पर चलने के लिए विवश हैं। आगामी दिनों में सामूहिक रूप से जिला मुख्यालय पर आंदोलन की सूचना पत्र सौंपा जाएगा।

#### इनका कहना है

*सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत आने वाली आशा एवं पर्यवेक्षकों के वेतन से संबंधित समस्या प्रदेश स्तर की है। वहां से भुगतान की राशि प्राप्त नहीं हुई है, इसलिए देरी हो रही है।*

*राजेंद्र मीणा, खंड चिकित्सा अधिकारी, मुलताई*

### मरम्मत नहीं, थमा पानी

## नाली खोदकर डाली नलजल योजना की पाइप लाइन



**शाहपुर।** नगर परिषद शाहपुर के वार्ड नंबर 12 मंगल पांडे में नल जल योजना की पाइपलाइन नाली खोदकर डाली गई। नल जल योजना की पाइपलाइन के कारण पुरानी नालियां तोड़ दी गई। उन नालियों की जगह अब मिट्टी का ढेर पड़ा हुआ है। जिसके कारण पानी निकासी नहीं हो पा रही है और लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पाइप लाइन बिछाने के काम को लगभग एक माह बीत चुका है, लेकिन अभी तक नालियों की मरम्मत नहीं की है। वार्डवासी संजू ने बताया कि स्ट्रीट लाइट लगभग एक से डेढ़ माह से खराब हो गई थी, उसका लाइट भी बदलकर नहीं लगाया गया। नगर परिषद के इलेक्ट्रीशियन ने जानकारी दी और बताया कि अभी नगर परिषद के पास नए लाइट उपलब्ध नहीं है। जब लाइट आएंगे तब लगा दिए जाएंगे। सफाई कर्मचारियों भी महीने में एक बार ही आते है। दिवाली के पूर्व से वार्ड नंबर 12 मंगल पांडे में झाड़ लगाने वाले सफाई कर्मियों ने इस वार्ड के तरफ सफाई के लिए रुख भी नहीं किया। साफ सफाई न होने से वार्ड में मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है।

## ताप्ती मेला दुकान स्थान बदलने नपा-व्यापारी हुए आमने-सामने

### अधिकारियों का दावा— बन गई सहमति



**मुलताई।** कार्तिक पूर्णिमा से प्रारंभ होने वाले ताप्ती मेले में इस वर्ष दुकानों के स्थान परिवर्तन को लेकर नगर पालिका प्रशासन और व्यापारियों के बीच विवाद की स्थिति बन गई। शनिवार को नगर पालिका सभा कक्ष में आयोजित बैठक में मेला व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। चर्चा के दौरान बात नहीं बनने पर व्यापारियों ने जमकर हंगामा किया और नगर पालिका गेट पर बैठकर नारेबाजी की। बाद में व्यापारियों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर ताप्ती मेले में पूर्व वर्षों की तरह ही दुकानों को पुराने स्थान पर लगाए जाने की मांग की। व्यापारियों ने चेतावनी दी कि यदि मेला पूर्व व्यवस्था के अनुसार नहीं लगाया गया तो वे सामूहिक रूप से मेले का बहिष्कार करेंगे। व्यापारियों द्वारा तहसीलदार को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि नगर पालिका परिषद मुलताई द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी दुकानों को पूर्व स्थान पर लगाया जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर पालिका द्वारा इस बार होटल व्यवसायियों की जगह पर झूले लगाने का निर्णय लिया गया है, जो उपयुक्त नहीं है। होटल संचालकों को झूलों के सामने स्थान देकर होटल संचालन के लिए मजबूर किया जा रहा है। व्यापारियों ने कहा कि यदि मेले के बीचोबीच होटल संचालित किए गए तो वहां से निकलने वाला गंदा पानी और कचरा अन्य दुकानों के सामने फैल जाएगा, जिससे विवाद और अव्यवस्था की स्थिति बनेगी तथा मेले की शांति भंग हो सकती है।

#### इनका कहना है

ताप्ती मेले में दुकानों के स्थान परिवर्तन को लेकर प्रारंभ में व्यापारियों में कुछ नाराजगी थी, किंतु बाद में चर्चा के दौरान मामला सुलझा लिया गया है। अब व्यापारी भी सहमत हो गए हैं।

**वीरेंद्र तिवारी**, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, मुलताई

### हर्षोल्लास के साथ मनाया मध्यप्रदेश का 70 वां स्थापना दिवस, कई कार्यक्रम हुए

# विकास, संस्कृति व आत्मनिर्भरता का प्रतीक है हमारा मध्यप्रदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

बैतूल मुख्यालय स्थित जयवंती पीजी हॉक्सर कॉलेज में 1 नवंबर को मध्यप्रदेश का 70 वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पार्वती बाई बारस्कर, सुधाकर पवार सहित कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, जिला पंचायत सीईओ अक्षत जैन उपस्थित थे। सर्वप्रथम विद्यार्थियों की सरस्वती वंदना के साथ मुख्य अतिथियों ने मां सरस्वती के छायाचित्र समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। मुख्य अतिथियों ने लोकतंत्र स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और उनके परिजन, शहीदों के परिजनों को शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान मप्र के विकास पर केंद्रित लघु फिल्म को देखा गया। तत्पश्चात शिक्षा विभाग द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें आरडी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने पेट्रियोटिक सॉन्ग की प्रस्तुति तथा देश भक्ति गीत पर नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। इसके अलावा जनजातीय कार्य विभाग महाविद्यालय कन्या छात्रावास की छात्राओं ने तथा मानसरोवर स्कूल के विद्यार्थियों ने मध्य प्रदेश की जनजातीय संस्कृति, सभ्यता पर आधारित नृत्य की प्रस्तुति दी। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे ने प्रदेश की गौरवशाली यात्रा, सांस्कृतिक धरोहर और विकास की उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश न केवल भारतीय सभ्यता का केंद्र है, बल्कि यह प्राकृतिक सौंदर्य, ऐतिहासिक वैभव और जनकल्याण की योजनाओं से समृद्ध राज्य है। डॉ. पंडाग्रे ने कहा कि वर्ष 1956 में राज्यों के पुनर्गठन के पश्चात मध्य प्रदेश का गठन हुआ था, तब से यह राज्य निरंतर प्रगति के मार्ग पर अग्रसर है। उन्होंने बताया कि खजुराहो के मंदिर, ग्वालियर व काठू का किला प्रदेश की गौरवशाली विरासत के प्रतीक हैं, वहीं बांधवगढ़, कान्हा और पचमढ़ी जैसे पर्यटक स्थल प्रदेश की प्राकृतिक सुंदरता का परिचय कराते हैं।



**मध्य प्रदेश की जीडीपी 16 लाख करोड़ के पार:** विधायक डॉ. पंडाग्रे ने कहा कि छत्तीसगढ़ के अलग होने के बाद वर्ष 2001 से मध्यप्रदेश ने विकास की नई गति पकड़ी है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में मध्य प्रदेश की जीडीपी 16 लाख करोड़ का आंकड़ा पार कर रही है, वहीं प्रति व्यक्ति आय 1 लाख 70 हजार रुपये तक पहुंच गई है। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश सवा 300 लाख टन गेहूं उत्पादन कर विश्व में दूसरा, 31 लाख टन धान उत्पादन कर देश में प्रथम और सोयाबीन उत्पादन में नंबर वन पर है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में लाड़ली लक्ष्मी योजना और महिला सशक्तिकरण योजना के माध्यम से लिंगानुपात बढ़ा। लाडली बहना योजना के माध्यम से महिलाएं सशक्त और स्व सहायता समूह के माध्यम से महिलाएं रोजगार से जुड़ आत्मनिर्भर बनी है। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में अच्छी सडक़ है। उन्होंने उपस्थित नागरिकों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत संकल्प अभियान में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

#### मप्र स्थापना दिवस पर विकास प्रदर्शनी रहीं आकर्षण का केन्द्र

*बैतूल। राज्य शासन के निर्देशानुसार मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर 1 नवंबर को बैतूल मुख्यालय स्थित जयवंती पीजी हॉक्सर कॉलेज में विभागीय स्व-रोजगार मूलक योजनाओं की भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पार्वती बाई बारस्कर एवं सुधाकर पवार ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में जिले के औद्योगिक विकास, जल गंगा संवर्धन अभियान, कृषि विभाग की योजनाएं, एक जिला एक उत्पाद, वन विभाग, लाड़ली लक्ष्मी योजना, जल जीवन मिशन, राजस्व प्रकरणों के निराकरण सहित विभिन्न विभागों की उपलब्धियों को आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया। जिले के गौरवशाली व्यक्तित्व जैसे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सरदार गंजन सिंह कोरकू, विष्णु सिंह गोंड तथा प्रमुख तीर्थ स्थलों मां ताप्ती, मुक्तागिरी, छोटा महादेव, मठारदेव और कुकरू खामला का विवरण भी विशेष रूप से प्रस्तुत किया गया।*

***मप्र स्थापना दिवस पर जनप्रतिनिधियों ने स्वास्थ्य विभाग की प्रदर्शनी का किया अवलोकन:*** *बैतूल। मध्यप्रदेश के 70वां स्थापना दिवस के अवसर पर 1 नवम्बर 2025 को पीएम श्री जयवंती हॉक्सर कॉलेज के जिला स्तरीय कार्यक्रम के भव्य आयोजन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं पर प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी का अवलोकन आमला विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे, मुलताई विधायक चन्द्रशेखर देशमुख, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पार्वतीबाई बारस्कर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, सुधाकर पवार सहित कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, जिला पंचायत सीईओ अक्षत जैन द्वारा किया गया।*

**संक्षेप खबर**

### उईके बने आविप प्रदेश महामंत्री

**पिपरिया।** आदिवासी विकास परिषद के प्रदेशाध्यक्ष एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी से मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के रूप में पदाधिकारी उमंग सिंघार ने आदिवासी विकास परिषद की प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी सदस्य सहित तमाम पदाधिकारियों की घोषणा कर दी है। जिसमें पिपरिया कृषि उपज मंडी में सहायक संचालक सचिव के रुप में काम कर रहे पूर्व जिला आजाक संघ के अध्यक्ष पद पर कार्यरत रहे हमेशा आदिवासी समुदाय के लिए सदैव तत्पर रहते हुए तथा अन्य सभी सेवाओं में शामिल हुए चंद्र शिवराम उईके को प्रदेश अध्यक्ष ने प्रदेश महामंत्री बनाने की घोषणा की है। तथा हमेशा समाज कर्मचारियों के हित में काम करने के लिए सदैव तत्पर रहते हुए संकल्प दिलाया है। इस घोषणा के बाद शुभकामनाएं बधाई आशीर्वाद देने बारे लोगों का तांता लगा रहा है। वहीं मुख्य रूप से सांसद दर्शन सिंह विधायक ठाकुरदास नागवंशी आदिवासी विकास परिषद के ब्लॉक अध्यक्ष नीतीराज सिंह ठाकुर, पंचम सिंह, हेमवती ठाकुर मंडी सचिव सेमरी राहुल उईके सहित तमाम आदिवासी विकास परिषद के सभी अधिकारी कर्मचारी संघ के पदाधिकारी एवं आदिवासी समुदाय के लोगों ने बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की।

### बैठककर अधिकारियों को सौंपी विविध व्यवस्थाएं, तैयारियों की समीक्षा की

# सांसद खेल महोत्सव में सोहागपुर क्षेत्र में सम्मिलित होंगे 10,636 प्रतिभागी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर देश में युवाओं में खेल भावना को बढ़ाने तथा ग्राम खेल प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से सांसद खेल महोत्सव किये जा रहे हैं। सोहागपुर में होने वाले महोत्सव को लेकर शनिवार को एक बैठक संपन्न हुई है।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

जपं सोहागपुर के सभागार में की गई बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा सहित तैयारी की समीक्षा की गई है। बैठक में बताया गया कि अब तक के महोत्सवों में युवा, विद्यार्थियों तथा खिलाड़ियों का उत्साह अभूतपूर्व रहा है। बताया गया कि सोहागपुर क्षेत्र में अब तक 10 हजार 636 प्रतिभागियों ने विभिन्न खेलों में सहभागिता के लिए ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यम से पंजीयन कराया है। यह अब तक का रिकॉर्ड रजिस्ट्रेशन माना जा रहा है। बैठक में सांसद दर्शन सिंह चौधरी के नीतिराज पटेल, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अभिनव पालीवाल, पर्यावरण संरक्षण संस्था डायरेक्टर गोलू अग्रवाल, सोहागपुर भाजपा मंडल महामंत्री ऋषभ गढ़वाल, नायब तहसीलदार रणजीत चौहान, माखन नगर सीएमओ जीएस राजपूत, सोहागपुर सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा, बीआरसी राकेश रघुवंशी सहित माखन नगर व सोहागपुर के शिक्षा अधिकारी, निजी स्कूल संचालक, स्पोर्ट्स टीचर्स, खिलाड़ी आदि उपस्थित रहे।

#### तय किए आयोजन स्थल

युमो जिला उपाध्यक्ष अभिनव पालीवाल ने बताया कि सभी खेलों के लिए आयोजन स्थल तय किये गए हैं। खेलवार जिम्मेदारियां भी अधिकारियों को सौंपी गई हैं। खेल के आयोजनों के स्थलों में पुराना एसजेएल स्कूल ग्राउंड, कॉलेज का इंडोर स्टेडियम व ग्राउंड, सेमरी हरचंद, शोभापुर व माखन नगर के स्कूलों के ग्राउंड्स तय किये गए हैं। इसके अतिरिक्त खिलाड़ियों की सुरक्षा, आवास, पेयजल, प्राथमिक चिकित्सा, भोजन व्यवस्था और परिवहन जैसी व्यवस्थाओं के भी दायित्व दिये गए हैं। प्रत्येक खेल के लिए नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं।

#### फिट इंडिया मूवमेंट का संदेश

बैठक में सांसद के प्रतिनिधि नीतिराज पटेल ने कहा कि पीएम के 'फिट इंडिया मूवमेंट' संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का अवसर मिला है। पटेल ने कहा कि इस महोत्सव से युवाओं में नई ऊर्जा और प्रतिस्पर्धा की भावना का संचार होगा। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शरीर को मजबूत बनाते हैं, बल्कि मानसिक संतुलन और आत्मविश्वास भी बढ़ाते हैं, अतः आधिक सहभागिता आयोजन के श्रेष्ठ परिणाम लेकर आएगी।

## आरोपी पर परिजन ने लगाए जमीन हड़पने के आरोप

**गूजरवाड़ा का चर्चित जमीन विवाद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखननगर


गूजरवाड़ा जमीन विवाद में नया मोड़ सामने आया है। जमीन बेचकर कब्जा कर लड़ाई करने वाले हेमराज उर्फ लल्ली पटैल एवं उसके भाई बहनों के विरुद्ध खुद उसके ही भाई की विधवा ने जमीन हड़पने का आवेदन पुलिस को दिया है एवं अपनी जमीन दिलाने की मांग रखी है। पीड़िता मालती बाई बेवा स्व कमल सिंह यादव ने पुलिस को आवेदन देकर बताया कि ग्राम गुजर वाड़ा में खसरा नंबर 639एवं 748कुल रकवा 0.365हैक्टेयर भूमी एवं ग्राम मे मकान की जगह मेरे एवं मेरी ननदों के नाम दर्ज है पर विगत करीब 6 वर्षों से मेरे जेठ लल्ली ने हमारी जमीन हड़पने की नियत से कब्जा कर रखा है। वहीं जाती हूं तो लड़ाई पर उतारू रहते हैं एवं जान से मारने की धमकी देते हैं।

#### जनसुनवाई में भी दिया है आवेदन

में विगत दो वर्षों से लगातार जन सुनवाई एवं अधिकारियों को आवेदन देते जा रही हूं मगर हमारी सुनवाई नहीं हो रही है। उनका कहना है इस समस्या को लेकर उसका एवं उसकी बेटी के पालन पोषण की समस्या बनी हुई है मजदूरी कर जीवन यापन कर रही हूं।पीड़िता ने प्रशासन से शीघ्र अपनी जमीन पर कब्जा दिलाने की मांग की है। टी आई मदनलाल पवार से बात की तो उन्होंने बताया में फील्ड पर हूं देख कर बता पाऊंगा।

### नियमानुसार बस स्टापेज कराने निर्धारित करने प्रशासनिक तैयारी शुरू

**सोहागपुर।** कुछ दिन पूर्व प्रशासन ने तय किया था कि शहर में बसों का स्टापेज अब मात्र नया बस स्टैंड व लोक निर्माण विभाग रेस्ट हाउस के समीप स्थित चौराहे पर होगा। अब प्रशासन की ओर से उन स्थानों पर बोर्ड लगाने की तैयारी की जा रही है, जहां बस स्टॉपेज मनमाने रूप से किए जाते हैं। नगर परिषद उन स्थानों पर बोर्ड लगाएगी।




## देवउठनी ग्यारस पर नगर का बाजार हुआ गुलजार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सेमरी हरचंद

देवउठनी एकादशी पर बाजार में रौनक देखने मिली भगवान विष्णु 4 महीने बाद योग निद्रा से जाग कर सृष्टि के कार्य को पुनः प्रारंभ करते हैं ऐसा शास्त्रों में लिखा है देवउठनी एकादशी की दिन से ही सनातन धर्म को मानने वाले हिंदू परिवारों में मांगलिक कार्यों का शुभारंभ होता है।

नगर के साप्ताहिक बाजार में प्राकृतिक एवं नैसर्गिक वस्तुओं हरी सब्जियो की दुकानों पर लोगों की भीड़ नजर आई आंवला बेर, चने की भाजी फूल आदि दुकानों पर सजी हुई दिखाई दी ऐसा कहा जाता है बेर भाजी आंवला, उठो देव सांवला। एवं गन्ने की भी दुकान बड़ी संख्या मैं बाजार में सजी 20 रुपए से लेकर 50 रुपए नग गन्ना बिका ईख के मंडप के नीचे तुलसी और भगवान विष्णु का पूजन किया गया एवं आज देवउठनी एकादशी से विवाह एवं मांगलिक कार्यों का शुभारंभ हुआ।

## कॉलेज में हुई भाषण, व्याख्यान, रंगोली, पोस्टर प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखननगर

श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखननगर में आज 70 वें मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रभारी प्राचार्य डॉ आई. एस. कनेश की अध्यक्षता व राष्ट्रीय सेवा योजना , भारतीय ज्ञान परम्परा और स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के मार्गदर्शन में आज से अगले तीन दिन तक महाविद्यालय में इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। प्रथम दिवस पर सर्वप्रथम मध्यप्रदेश गान से कार्यक्रम की शुरुआत की गई और प्राचार्य ने समस्त स्टॉफ व विद्यार्थियों को इस शुभ अवसर पर शुभकामनाएं प्रदान की। प्राचार्य ने अपने सम्बोधन में कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों का महत्व समझते हुए प्रत्येक विद्यार्थी को सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ भविष्य का निर्माण करना चाहिए साथ ही नई शिक्षा नीति पर भी विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में मंच संचालन करते हुए रासेयो बालक इकाई कार्यक्रम अधिकारी पंकज बैरवा ने मध्यप्रदेश के बारे में बताते हुए कहा कि मध्यप्रदेश मध्य में स्थित होने की वजह से ह्रदय प्रदेश कहलाता है। साथ ही मध्यप्रदेश को टाइगर स्टेट, सोया स्टेट, नदियों का मायका भी कहा जाता है। मध्यप्रदेश की स्थापना 1 नवम्बर 1956 को हुई थी। भूगोल विभाग से डॉ



धर्मेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश भौगोलिक दृष्टि से सभी राज्यों में श्रेष्ठ है। यहाँ जीवन दायिनी नर्मदा नदी बहती है। गेंहू, चावल, दाल, जनजाति प्रतिशत , औद्योगिक क्षेत्र, खनिज संपदा इत्यादि बातों का उल्लेख कर मध्यप्रदेश की विशेषताएं बताई। भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ प्रभारी व एनएसएस जिला संगठक प्रो. दिग्विजयसिंह खत्री ने मध्यप्रदेश के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला व बताया कि मध्यप्रदेश की राजधानी नागपुर से भोपाल की गई साथ ही तत्कालीन समस्याओं का जिक्र भी किया। महाविद्यालय ग्रँथपाल अजय मेहरा ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 70 सालों में प्रदेश ने जो उन्नति की है उसे अब और आगे ले जाने की जिम्मेदारी युवाओं के कंधों पर है, साथ ही आपने नई शिक्षा नीति, स्वयं एप्पलीकेशन व डिजिलॉकर की प्रशंसा की । तत्पश्चात महाविद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता व भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। साथ ही मध्यप्रदेश की स्थापना पर आधारित ऐतिहासिक डॉक्यूमेंट्री फ़िल्म का प्रसारण भी किया गया। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत देशभक्ति गीत, नृत्य, निबंध व वाद विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन भी आगामी दिनों में किया जाएगा। अंत मे आभार छात्र स्वस्तिक रावत द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रासेयो बालिका इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ कविता दुबे, स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रभारी डॉ क्षमा मेहरा, श्रीमती मंजू मेहरा , अशोक मेहर की भूमिका सराहनीय रही। कार्यक्रम में सुश्री शिवानी मालवीय, डॉ आकांक्षा यादव, डॉ संगीता मिश्रा, सुषमा यादव, डॉ सुमन अवस्थी समस्त स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## नरवाई न जलाने के लिए कराई जा रही गांव में मुनादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

नर्मदापुरम जिला क्षेत्र में मौसम ठीक होते ही धान की कटाई प्रारंभ हो चुकी है। वहीं इस बात की आशंका भी प्रबल हो चली है कि कटाई के बाद कृषक नरवाई या पराली जला सकते हैं। अतः प्रशासन जन जागरूकता को ध्यान में रखते हुए गांव गांव में मुनारी करवा रहा है। गत रात्रि में सोहागपुर ब्लॉक के ग्रामों में कोटवार के द्वारा मुनादी की गई है। इसी तरह की मुनादी सोहागपुर ब्लॉक सहित नर्मदापुरम-जिला क्षेत्र में गांव-गांव में कोटवारों के माध्यम से प्रशासन करवा रहा है। मुनादी में उल्लेख किया जा रहा है कि धान की कटाई के बाद कोई भी किसान नरवाई ना जलाएं। नरवाई जलाने से पर्यावरण को तो क्षति होती ही है, साथ ही खेतों के मित्र कीटों को ही क्षति पहुंचती है। जिससे मिट्टी की उर्वरता प्रभावित होती है एवं उत्पादन प्रभावित होता है। जिला क्षेत्र में प्रायः रात्रि में ही मुनादी कराई जा रही है, ताकि किसान घरों पर ही उपलब्ध हो सकें तथा प्रशासन के सकारात्मक संदेश को प्राप्त कर सकें।



#### लगेगा जुर्माना

कोटवारों द्वारा प्रशासन के आदेश पर की जा रही मुनादी में उल्लेख किया गया है कि धान की कटाई के बाद नरवाई ना जलिएं। यदि कोई भी किसान नरवाई जलाता है तो उस पर जमाने की कार्रवाई की जाएगी। मुनादी में उल्लेख किया जा रहा है की नरवाई जलाने पर 15 हजार रुपये का जुर्माना वसूला जा सकता है एवं अन्य वैधानिक कार्यवाहियां भी प्रस्तावित की जा सकती हैं। जिसमें पुलिस प्रकरण तक की स्थिति निर्मित हो सकती है।

## सुपरवाइजर व बीएलओ का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी मालवा



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण एस आई आर कार्यक्रम के संबंध में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 136 सिवनी मालवा के समस्त 318 बीएलओ को एस आई आर सर्वे के संबंध में विजय राय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सिवनी मालवा, मास्टर ट्रेनर्स मोहर हिंडोलिया, प्रकाश व्यास द्वारा विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि ऐसे मतदाता जिनका जन्म एक जुलाई 1987 के पूर्व हुआ है एवं जिनके नाम वर्ष 2003 की मतदाता सूची में दर्ज उनका सत्यापन एवं 01 जुलाई के पश्चात भारत में जन्म लेने वाले सभी मतदाताओं का भौतिक सत्यापन बीएलओ द्वारा दिनांक 04 नवंबर 2025 से 04 दिसंबर 2025 के मध्य किया जाएगा उक्त अवधि के दौरान सभी मतदाताओं को आयोग द्वारा निर्धारित प्रारूप में अपनी जानकारी भरकर संबंधित मतदान केंद्र के बीएलओ को देना होगा।

## मप्र स्थापना दिवस पर कॉलेज में कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी मालवा

मध्य प्रदेश शासन एवं उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर शासकीय कुसुम महाविद्यालय, सिवनी मालवा में एक भव्य, शिक्षाप्रद एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. के. रघुवंशी के कुशल मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी प्रो. कमल सिंह अहिरवार के नेतृत्व में विविध सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं जागरूकता कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में राज्य की गौरवशाली परंपरा, सांस्कृतिक धरोहर, विकास यात्रा तथा जनकल्याण की भावना के प्रति जागरूकता एवं गर्व की अनुभूति कराना था। कार्यक्रम में आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. ए. के. यादव, एन.एस.एस. अधिकारी डॉ. मोहन सिंह गुर्जर, एन.सी.सी. अधिकारी डॉ. जया कैथवास,



एन.एस.एस. महिला विंग प्रभारी प्रो. विजयमालवीय की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। साथ ही इंजीनियर गौरव बिल्थरिया, डॉ. नवनीत सोनारे, अभिषेक, डॉ. रश्मि सोनी, डॉ. निधि छिपा, कनक कुमरावत, कुमारी जयचौहान, कैलाश गढ़वाल एवं तनय सिटोरे सहित समस्त स्टाफ सदस्यों की सक्रिय उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत मध्य प्रदेश गान से की गई, जिसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा राज्य की विविध संस्कृति, लोककला एवं विकास यात्रा पर आधारित प्रस्तुतियाँ दी गईं। निबंध लेखन, भाषण एवं प्रश्नोत्तरी जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर मध्य प्रदेश के इतिहास, भूगोल, संस्कृति एवं प्रशासनिक उपलब्धियों की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम का संचालन अत्यंत प्रभावशाली एवं अनुशासित ढंग से प्रो. कमल सिंह अहिरवार द्वारा किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का संचालन एवं आभार प्रदर्शन इंजीनियर गौरव बिल्थरिया द्वारा किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. आर. के. रघुवंशी ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि मध्य प्रदेश न केवल भौगोलिक रूप से हृदयस्थल है, बल्कि सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं सामाजिक दृष्टि से भी देश का गौरव है। उन्होंने विद्यार्थियों से राज्य के विकास में सक्रिय योगदान देने एवं अनुशासन, श्रम और सृजनशीलता को जीवन का आधार बनाने का आह्वान किया। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। मध्य प्रदेश स्थापना दिवस पर आयोजित यह कार्यक्रम अत्यंत सफल, प्रेरक एवं ज्ञानवर्धक रहा।

## स्कूली बच्चों को साइबर फ्रॉड से बचने की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर



मप्र पुलिस द्वारा साइबर अपराधों पर रोकथाम के लिए सतत अभियान चलाया जा रहा है। अभियान अंतर्गत आम नागरिकों व स्कूली बच्चों से पुलिसकर्मी संवाद कर साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी दे रहे हैं। इसी क्रम में गत दिवस सरस्वती शिशु मंदिर सोहागपुर में संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें थाना प्रभारी ऊषा मरावी ने बच्चों को विविध जानकारियां से अवगत कराया है। मरावी ने बच्चों को साइबर अपराधों के बारे में चलाए जा रहे अभियान एवं बाल मित्र योजना की जानकारी दी। साथ ही सामुदायिक पुलिसिंग के अंतर्गत सोहागपुर पुलिस के द्वारा स्कूल के बच्चों को प्रशिक्षण दिया गया। साइबर फ्रॉड एवं बच्चों से संबंधित अपराधों के बारे में भी बताया गया। बच्चों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर भी टीआई ऊषा मरावी ने दिये। इस दौरान पुलिस के अन्य कर्मचारियों सहित स्कूल से शिक्षक-शिक्षिकाएं व विद्यार्थी उपस्थित थे।

### कॉलेज में मनाया गया मप्र स्थापना दिवस

**सिवनी मालवा।** शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी मालवा में मध्य प्रदेश स्थापना दिवस समारोह किया जा रहा है, माननीय मुख्यमंत्री जी और आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग की ओर से प्राप्त दिशा निर्देश अनुसार 1 नवंबर को शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी मालवा जिला नर्मदापुरम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. उमेश कुमार धुर्वे द्वारा सभी छात्राओं का उत्साहवर्धन किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा तथा दीप प्रज्जलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। छात्राओं एवं समस्त प्राध्यापकों द्वारा सामूहिक रूप से राष्ट्रगीत तथा मध्यप्रदेश गान किया गया । कार्यक्रम में प्रो. मनोज प्रजापति ने मध्यप्रदेश की स्थापना और वर्तमान स्वरूप पर प्रकाश डाला।

## शिकायतों के बाद भी सचिव पर नहीं हो रही कोई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत तरौनकला मैं पदस्थ सचिव किरण कहार ने आने के बाद से आज दिनांक तक पंचायत भवन का ताला भी नहीं खोला और सरपंच रुक्मणी पुरवइया के द्वारा कराए गए विकास कार्यो को लेकर कोई भुगतान नहीं किया गया है। सरपंच ने अभी जनसुनवाई में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकिप खान को तथा जनपद पंचायत सीईओ प्रबल अरजरिया को भी सैकड़ों महिलाओं के साथ दिया गया था। फिर भी आज दिनांक तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इस बारे में पंचायत सचिव किरण कहार ने कहा कि सरपंच के द्वारा लगातार किसी भी भुगतान करने का दबाव बनाया जा रहा है। तथा जो आवश्यक भुगतान है। वह सभी कर दिया गया है। सरपंच के द्वारा सफाई के नाम पर हजारों रुपए खर्च किए गए हैं कागज़ पर लेकिन मौके पर कचरा गाड़ी भी सरपंच के घर में खड़ी है। हम बगैर काम के भुगतान नहीं कर रहे हैं। इसलिए बार-बार शिकायत कर रही है।

सरपंच का कहना है। सचिव पंचायत में आता ही नहीं है। काम कराने के बाद भुगतान नहीं किया गया है। जेसीबी मशीन से विद्यालय की विल्डिंग तोडीथी। जिसका 80हजार देना बताया गया है। उसका कोई लेखा जोखा नहीं है। सरपंच ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकिप खान एवं जनपद पंचायत सीईओ प्रबल अरजरिया पर सवाल उठाए हैं। इस तरह से चर्चा में है। अतः सभी ने कार्यवाही करने की मांग की है।

**विद्युत प्रभा देवी मंदिर में हुआ आयोजन**

# मंदिर में लगा छप्पन प्रकार का भोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

प्रतिवर्ष नगर के बिजली कंपनी कार्यालय में बने मां विद्युत प्रभा देवी मंदिर मैं देव उठानी एकादशी के पूर्व 56 भोग आयोजन किया जाता है। यह आयोजन महिला रामायण मंडल द्वारा विद्युत प्रभा देवी मंदिर बिजली ऑफिस में किया जाता है। इस वर्ष भी यशोदा नंदन भगवान श्री कृष्ण को कार्तिक माह में 56 भोग अर्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

यह कार्यक्रम कार्तिक शुक्ल पक्ष दशमी तिथि पर शुक्रवार को आयोजित किया गया। जिसमें रामायण मण्डल की समस्त माताओं बहनों ने अपने अपने घरों से भिन्न भिन्न प्रकार के व्यंजन बनाकर यशोदानंदन श्री कृष्ण जी को भोग लगाए। इस अवसर पर मंदिर की समस्त मातृशक्ति उपस्थित रही। मंदिर के मुख्य अर्चक पं. विनीत कुमार शर्मा द्वारा कान्हा जी का श्रृंगार पूजन किया गया। इसके बाद आरती की गई। फिर भगवान को भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया।



## किसान समस्या को लेकर नेता प्रतिपक्ष ने सौंपा ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी मालवा

नगर पालिका परिषद सिवनी मालवा के नेता प्रतिपक्ष अजय बलराम सिंह पटेल के नेतृत्व में आज तहसील कार्यालय सिवनी मालवा में नवागत अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान उन्होंने किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि अगली फसल की तैयारी के लिए पराली प्रबंधन की उचित व्यवस्था समय रहते की जानी चाहिए, अन्यथा की स्थिति में प्रशासन स्वयं इसके लिए जिम्मेदार रहेगा। ज्ञापन में बताया गया कि क्षेत्र के अधिकांश किसानों की धान एवं मक्का की फसल की कटाई पूर्ण हो चुकी है और खेतों में अब पराली शेष रह गई है। किसानों को जल्द ही अगली फसल की बुवाई करनी है, किंतु पराली निस्तारण की कोई ठोस व्यवस्था न होने से किसान कठिनाई का सामना कर रहे हैं।

समारोह पूर्वक मनाया गया मध्यप्रदेश का स्थापना दिवस

# सीएम के नेतृत्व में विकास कर रहा मप्र योगदान देने का संकल्प लेना चाहिए: पटेल





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश निरंतर विकास कर रहा है। मध्यप्रदेश के विकास के लिए हम सभी को आज अपने-अपने स्तर से हर संभव योगदान देने का संकल्प लेना चाहिए। आज स्थापना दिवस के अवसर पर हमसब मिलकर संकल्प लें ₹आओ बनाएं अपना मध्यप्रदेश₹। यह बातें पूर्व मंत्री कमल पटेल ने मध्यप्रदेश के स्थापना दिवस पर आयोजित समारोह में कही। यह आयोजन जिले में समारोह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर पॉलिटेक्निक कॉलेज के सभाकक्ष में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान उत्कृष्ट विद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना का गायन किया गया। पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश निरंतर विकास कर रहा है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के विकास के लिए हम सभी को आज अपने-अपने स्तर से हर संभव योगदान देने का संकल्प लेना चाहिए। आज स्थापना दिवस के अवसर पर हमसब मिलकर संकल्प लें आओ बनाएं अपना मध्यप्रदेश। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपने-अपने परिवार के लिए नहीं बल्कि देश के लिए भी योगदान देना चाहिए जिससे देश विकसित हो। शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहना योजना सहित विभिन्न योजनाएँ आज मध्य प्रदेश में संचालित कर नागरिकों को लाभान्वित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में विधायक डॉ. आर.के. दोगने, पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष भारती राजू कमेडिया, जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत, जिला पंचायत सदस्य ललित पटेल, जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश वर्मा, कलेक्टर सिध्दार्थ जैन, पुलिस अधीक्षक शशांक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मीसाबंदी बाबू खान, अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित कुमार शर्मा, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण इवने सहित विभिन्न अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए

रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ मध्यप्रदेश गान के साथ हुआ। कार्यक्रम में उत्कृष्ट विद्यालय हरदा, शासकीय कन्या उ.मा.वि. हरदा, महात्मा गांधी हायर सेकंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने रंगारंग मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज हमारा प्रदेश बड़ा गौरवशाली है क्योंकि आज हम 70 वां मध्यप्रदेश स्थापना दिवस बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि 1 नवंबर 1956 को आज ही के दिन मध्यप्रदेश का गठन हुआ था। आज हम सबको संकल्प लेना होगा जिससे हमारा प्रदेश विकसित बने व समृद्ध बनें। हमारे देश के विकास में हर व्यक्ति का योगदान जरूरी है। इसलिए आप सभी देश को विकसित राष्ट्र बनाने में सहयोग करें।

## विकास के लिए मिले-जुले प्रयासों की आवश्यकता

इस अवसर पर संबोधित करते हुए विधायक डॉ. आर.के. दोगने ने कहा कि मध्यप्रदेश के विकास के लिए केवल शासकीय प्रयासों की ही नहीं बल्कि सभी नागरिकों के मिले-जुले प्रयासों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आज हम सभी को मध्यप्रदेश के विकास के लिए अपने सर्वश्रेष्ठ योगदान का संकल्प लेना चाहिए। नगर पालिका अध्यक्ष भारती राजू कमेड़िया ने कहा कि आज का दिन पूरे मध्यप्रदेश में त्योहार के रूप में बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से हर वर्ग पुरुष, महिला, बच्चे सभी हितग्राही लाभान्वित हो रहे हैं। महिलाओं को लिए तो बहुत ही लाभकारी योजनाएं बनाई गई है जिससे महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है।

## उत्पादों की लगी प्रदर्शनी




मध्यप्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर पॉलिटेक्निक कॉलेज सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में ग्रामीण एवं शहरी आजीविका मिशन द्वारा गठित महिला स्व सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। वन विभाग द्वारा निर्मित एक जिला एक उत्पाद के तहत बांस शिल्पकार, कृषि विकास विभाग, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, सुक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया।

प्रतियोगिताएं आयोजित की

# मप्र स्थापना और छात्रावास दिवस हर्षोल्लास से मनाया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव

मध्यप्रदेश स्थापना दिवस एवं छात्रावास दिवस हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। सीनियर अनुसूचित जाति बालक छात्रावास रहटगांव एवं सीनियर जूनियर कन्या छात्रावास रहटगांव शासकीय महाविद्यालय बालक छात्रावास एवं प्री मैट्रिक उत्कृष्ट छात्रावास टिमरनी में आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पार्षद सुनील दुबे एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष कायदा सतीश इवने, बीईओ शशांक पालिवाल, रहटगांव अधीक्षक अजय चौहान, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित राजेंद्र उपाध्याय ,कैलाश शुक्ला ,अर्जुन मौर्य ओम राठौर, रामशंकर मालवीय ,रामकृष्ण गौर ,सिद्धार्थ जोशी, संतोष वर्मा, संजय वर्मा, कमलेश गौर, निर्भय दास राजेश, राजकुमार, गोविंद मस्कोले, ममता कन्या छात्रावास अधीक्षक की उपस्थिति में आयोजन हुआ।

## मध्यप्रदेश गान का गायन किया

कार्यक्रम की शुरुआत विद्या की देवी मां सरस्वती भारत माता और संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। मध्य प्रदेश गान का गायन किया गया। इसके बाद विभिन्न खेल-कूद जिसमें कबड्डी एवं कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, छात्रावास के लिए शासन द्वारा चलाई गई योजनाएं की जानकारी दी दो करोड़ की लागत से बनने वाले नवीन छात्रावास भवन बनने की जानकारी दी। बी ओ शशांक पालिवाल ने छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान किया ।और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सभी अतिथियों का स्वागत और सम्मान किया गया। छात्रावास के विद्यार्थियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और मध्य प्रदेश स्थापना दिवस और छात्रावास दिवस के महत्व पर चर्चा की।

## विजयी छात्रों को पुरस्कृत किया

इस अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी छात्रों को पुरस्कृत किया गया, जिससे उनका उत्साह और बढ़ गया। इस प्रकार, मध्य प्रदेश स्थापना दिवस और छात्रावास दिवस का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और इसे अविस्मरणीय बना दिया।

## हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में घर-घर फहरे काले झंडे

**हरिभूमि न्यूज : सीहोर।** जिला मुख्यालय पर निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज की डिजाइन के खिलाफ हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के रहवासियों द्वारा लगातार विरोध जताया जा रहा है। ज्ञापन, सांप सीढ़ी, धरना प्रदर्शन के बाद अब रहवासियों ने शुक्रवार को अपने-अपने घरों के सामने काले झंडे लगाकर विरोध जताया, तो वहीं विरोध की इस कड़ी में आज देव उठनी ग्यारस के मौके पर क्षेत्र की महिलाओं द्वारा मानव श्रृंखला बनाई जाएगी। बता दें बीते कई महीनों से ब्रिज की खामियों को लेकर रहवासी लगातार विरोध कर रहे हैं। इस अनूठी विरोध श्रृंखला में पहले बच्चों ने सांप सीढ़ी स्पर्धा आयोजित की, फिर वरिष्ठ नागरिकों ने सांकेतिक धरना दिया।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता आज

**हरदा।** प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर जिला खेल और युवा कल्याण विभाग हरदा द्वारा जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता आयोजित कि जा रही है। ब्लॉक समन्वय सलमा खान ने बताया कि यह प्रतियोगिता आज 2 नवम्बर प्रातः 10 बजे से शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में 15 वर्ष से कम आयु बालक बालिका एवं ओपन वर्ग महिला पुरुष भाग ले सकते हैं। दोनों वर्ग में प्रथम 5 स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को खेल विभाग द्वारा सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों को गूगल फॉर्म के माध्यम से खिलाड़ी पंजीयन कराना होगा। प्रतियोगिता के संबंध में अधिक जानकारी के लिए ब्लॉक समन्वयक सलमा खान से संपर्क किया जा सकता है ।

### मंडी में कल से होगी मक्का की खरीदी

**हरदा।** कृषि उपज मंडी हरदा में 3 नवंबर सोमवार से कृषि उपज मक्का की खरीदी की जाएगी। सचिव कृषि उपज मंडी हरदा ने किसानों को सूचित किया है कि वे 3 नवंबर सोमवार से अपनी कृषि उपज मक्का विक्रय के लिए ला सकते हैं। उन्होंने अनुरोध किया है कि किसान भाई अपनी उपज को साफ सुथरी करके लाएं ताकि उपज का उचित मूल्य प्राप्त हो सके।

### पत्रकारों को ही बताया लकड़ी चोरों का सहयोगी

**सीहोर।** वन संपदा की सुरक्षा और अवैध कटाई रोकने में अपने विभाग की लगातार विफलता का सामना कर रहीं वन मंडलाधिकारी अर्चना पटेल ने अब एक बेहद ही गैर जिम्मेदाराना और विवादित बयान दिया है। जंगल से लगातार हो रही लकड़ी चोरी और अवैध कब्जों को लेकर पत्रकारों द्वारा सवाल पूछे जाने पर डीएफओ पटेल ने न सिर्फ सवालों से बचने की कोशिश की, बल्कि उलटा पत्रकारों पर ही लकड़ी चोरों का सहयोग करने का आरोप जड़ दिया। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस सवाल-जवाब के वीडियो ने विभाग की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष गुजराती ने वीडियो और लंबी कतारों का हवाला दिया

# कृषि मंत्री कंसाना बोले- किसानों के घर खाद पहुंचाएंगे, कांग्रेस ने कहा, होश में आइए

**सीहोर।** एक ओर जहां जिले के किसान खाद की कमी के चलते सोसायटियों के सामने लंबी-लंबी कतारों में रात गुजार रहे हैं, वहीं दूसरी ओर प्रदेश के किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंसाना का एक बयान अब सुर्खियों में है। मंत्री कंषाना ने दावा किया है कि सरकार किसानों के प्रति सजग है और किसानों को खाद की समस्या नहीं आने दी जाएगी, बल्कि किसान के घर पर ही खाद भेजी जाएगी। मंत्री कंषाना गुरुवार को मुख्यालय स्थित आरएके कृषि महाविद्यालय में आयोजित नवीन कन्या छात्रावास भवन उद्घाटन समारोह में शामिल होने आए थे। इस मौके पर उन्होंने खाद संकट के सवाल पर कहा हमारी सरकार किसानों की बात पर सजग है। किसानों को खाद की समस्या नहीं आने देंगे, किसान के घर खाद भेजेंगे, जो खाद चाहिए वह खाद भेजेंगे।

**कांग्रेस ने किया पलटवार, कहा 'होश में आइए' :** कृषि मंत्री के इस बयान पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का यह सर्कस है और मंत्रीजी का यह बयान उसमें नया अध्याय है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष गुजराती ने कहा कृषि मंत्री जी होश में आइए और किसानों को खाद दिलाइए। मंत्री जी कह रहे हैं कि हम किसानों के घर खाद पहुंचाएंगे, जबकि जिले से कई वीडियो जारी हो रहे हैं, जिसमें जगह-जगह किसान लंबी-लंबी कतारों में लगे हैं। किसान रात-रात भर अपने परिवार को लेकर खाद की लाइनों में लगा है, यह बयान किसानों के साथ मजाक है।

**भाऊखेड़ी में लंबी कतारें :** मंत्री और कृषि विभाग के 'कोई कमी नहीं' वाले दावों की पोल बीते दिनों भाऊखेड़ी सोसाइटी पर लगी किसानों की लंबी कतारों ने



खोल दी है। सोयाबीन की कटाई के बाद किसान गेहूं और चने की बुवाई की तैयारी में हैं, जिससे खाद की मांग तेजी से बढ़ी है। भाऊखेड़ी में सुबह से ही किसान लंबी कतारों में अपनी खाता बही रखकर इंतजार करते रहे।

### कृषि विभाग का दावा पर्याप्त स्टॉक

इधर कृषि विभाग के उप संचालक अशोक कुमार उपाध्याय ने दावा करते हुए कहा कि जिले में रासायनिक उर्वरकों की कोई कमी नहीं है और आपूर्ति निरंतर बनी हुई है। उप संचालक ने बताया कि वर्तमान में भी सहकारी और निजी विक्रय केंद्रों पर 6,688 मीट्रिक टन यूरिया और 4,170 मीट्रिक टन डीएपी सहित पर्याप्त स्टॉक शेष है।

धूमधाम से मनाई नामदेव जयंती, संत नामदेव के लगे जयकारे

# समाज को एक सूत्र में पिरोने के लिए हमें संगठित होकर रहना होगा : नामदेव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

शहर के जैसानी चौक के समीप विठ्ठल मन्दिर में नामदेव समाज द्वारा सन्त शिरोमणि नामदेवजी महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई गई। नामदेव समाज अध्यक्ष नारायण नामदेव ने बताया कि देव उठनी ग्यारस पर नगर के विठ्ठल मन्दिर में सन्त शिरोमणि नामदेवजी महाराज की 755 वीं जयंती नामदेव समाज के महिला पुरुष और वच्चो द्वारा बड़े ही उमंग और उल्लास के साथ मनाई गई।

जयंती में समाज के महिला पुरुष और बच्चे शामिल हुए। नीरज नामदेव ने बताया कि प्रातः आठ बजे से सन्त शिरोमणि नामदेव महाराज की प्रतिमा के समक्ष पण्डितजी द्वारा विधि विधान से हवन पूजन कराया गया। जिसमें समाज के महिला और पुरुषों ने हवन में आहुतियां देकर पूण्य का लाभ लिया। नामदेव समाज अध्यक्ष नारायण नामदेव ने कहा कि समाज को एक सूत्र में पिरोने के लिए हमे संगठित होकर रहना होगा। क्योंकि जब तक संगठित नही होंगे तब तक एकता नही होगी। इसिलए हमे संगठित होकर ही कार्य करना है और समाज को मजबूती प्रदान करना है।

गोलू पहलवान नामदेव ने समाज द्वारा किये गए कार्यो की गतिविधि का वर्णन किया। समाज के वरिष्ठ विजय बोरसे, प्रमोद बोरसे, हृदयराम बोरसे, संतोष बोरसे ने कहा कि नामदेव समाज



के युवाओं द्वारा किये जा रहे कार्य सराहनीय है। अध्यक्ष नारायण नामदेव ने समाज हित में किए गए कार्य,और साल भर का लेखा जोखा प्रस्तुत करते हुए आगामी कायक्रमो की जानकारी दी। नारायण नामदेव ने कहा कि जिस प्रकार एक एक मोती से मिलकर माला बनती है ठीक उसी प्रकार नामदेव समाज के प्रत्येक व्यक्ति को मिलकर मालारूपी संगठित होना होगा। क्योंकि की संगठन में ही शक्ति है। उपस्थित सभी सामाजिक बंधुओं ने बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ, स्वास्थ्य, पर्यावरण सुरक्षा और स्वच्छता पर जोर दिया। वहीं आगामी वर्ष ने जयंती को और भव्य स्तर से मनाने की बात कही।आभार नीरज नामदेव द्वारा व्यक्त किया गया।इस मौके पर नामदेव समाज के दर्जनों की संख्या में महिला, पुरुष बच्चे उपस्थित थे।

562 छोटी-बड़ी रियासतों का भारतीय संघ में विलय हुआ : डॉ. गगन नामदेव

# देश के युवा ही राष्ट्र की एक महत्वपूर्ण शक्ति हैं समाज होगा सशक्त:वकील अश्विनी उपाध्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

शुक्रवार को सहकार भारती के तत्वाधान में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मैं भारत, मेरा युवा की रैली में सुप्रीम कोर्ट के वकील अश्विनी उपाध्याय का शाम को शहर के सोया चौपाल के समीपस्थ श्री राधेश्याम विहार कालोनी में स्वागत किया। इस मौके पर संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में श्री उपाध्याय के अलावा कार्यक्रम के जिला संयोजक डॉ. गगन नामदेव आदि शामिल थे।

स्वागत के दौरान उपाध्याय ने कहाकि युवाओं को राष्ट्र की एक महत्वपूर्ण शक्ति मानते हैं और उन्हें बेहतर शिक्षा, सुधरे हुए कानूनों और भ्रष्टाचार मुक्त समाज के माध्यम से सशक्त बनाने की वकालत करते हैं। उनका



मत है कि भारत की प्राचीन शिक्षा प्रणाली, जो देश की आत्मा थी, उसे अंग्रेजों ने नष्ट कर दिया था। उनका मानना है कि आजादी के बाद इस प्रणाली को सही रूप में लागू नहीं किया गया। वह शिक्षा व्यवस्था में संस्कारों को शामिल करने की वकालत करते हैं ताकि युवा सही दिशा में आगे बढ़ें। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. गगन नामदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि देश की आजादी के समय सरदार पटेल के प्रयासों से ही 562 छोटी-बड़ी रियासतों का भारतीय संघ में विलय हुआ, जिसके कारण आज का भारत एक राष्ट्र के रूप में मौजूद है। डॉ. नामदेव ने कहा कि अब समय आ गया है कि भारत की राष्ट्रीय अस्मिता को पुनः स्थापित करने के लिए युवाओं को देश के गौरवशाली अतीत और वर्तमान चुनौतियों से अवगत कराया जाए। डॉ. गगन ने बताया कि जब युवा इन विषयों पर चिंतन-मनन करेंगे, तभी वे संस्कृति संपन्न, स्वावलंबी और स्वाभिमानी भारत के निर्माण में सहायक सिद्ध होंगे।



## कलेक्टर ने बीएलओ व सुपरवाइजर्स के प्रशिक्षण का किया निरीक्षण

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2025) कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित जिले की बुधनी विधानसभा क्षेत्र के बूथ लेवल अधिकारियों (BLO) एवं सुपरवाइजरों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आष्टा एसडीएम नितिन टाले ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदाता सूची के शुद्धिकरण और अद्यतन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी ली तथा सभी बीएलओ एवं सुपरवाईजर्स को आवश्यक निर्देश दिए। एसडीएम श्री टाले ने निर्देश दिए कि इस महत्वपूर्ण अभियान के तहत प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल होना चाहिए और अपात्र व्यक्तियों के नाम हटाए जाने चाहिए। उन्होंने सभी बीएलओ से कहा कि वे घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों को सही-सही भरवाएं, मतदाताओं की जानकारी का सत्यापन करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें।